***The Speaker made reference to the passing away of Shri. Shibu Soren(Member,Seventh,Ninth,Tenth,Eleventh,Thirteenth,Fourteenth, Fifteenth and Sixteenth Lok Sabha);Shri Tilakdhari Prasad Singh(Member,Eighth and Thirteenth Lok Sabha); and Shri Ram Rati Bind(Member,Thirteenth Lok Sabha)**

-

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को अत्यंत दुख के साथ हमारे तीन पूर्व सहयोगियों के निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री शिबु सोरेन झारखंड के दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7 वीं, 9 वीं, 10 वीं, 11 वीं, 13 वीं, 14 वीं, 15 वीं तथा 16 वीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होने केंद्रीय कोयला मंत्री तथा विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की थीं । वे राज्य सभा के वर्तमान सदस्य थे और इससे पहले भी दो बार राज्य सभा के सदस्य रह चुके थे ।

श्री सोरेन ने तीन बार झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद का दायित्व भी संभाला था ।

श्री सोरेन ने सामाजिक न्याय और जनजातीय समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए आजीवन संघर्ष किया । झारखंड राज्य के गठन में उनकी उल्लेखनीय भूमिका को सदैव याद किया जाएगा ।

श्री शिबु सोरेन का निधन 81 वर्ष की आयु में 4 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में हुआ ।

श्री तिलकधारी प्रसाद सिंह झारखंड के कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8 वीं और 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं ।

इससे पहले, श्री तिलकधारी प्रसाद सिंह बिहार विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री तिलकधारी प्रसाद सिंह का निधन वर्ष की 87 आयु में 21 अप्रैल, 2025 को झारखंड के गिरिडीह में हुआ ।

श्री राम रति बिन्द उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13 वीं लोक सभा के सदस्य थे । इससे पहले वह दो बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के भी सदस्य रहे और उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

श्री राम रति बिन्द का निधन 83 वर्ष की आयु में 15 जून, 2025 को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ ।

हम अपने पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं ।

अब सभा दिवंगत पुण्यात्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी ।

11.01 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ओम शांतिः शांतिः शांतिः ।